# समाचार वाणी

ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026


# भारत से कभी मैच नहीं खेली ये टीम, अब वर्ल्डकप 2026 के लिए क्वालीफाई कर रचा इतिहास।


Publisher Published on 12 Jul 2025





**इटली ने यूरोप क्वालिफायर मे स्कॉटलैडं और जर्सी जैसी टीमों को पछाड़ते हुए पहली बार टी20 वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई किया, भारत-श्रीलंका मे खेलेगी पहली बार।**

**Italy Qualifies for T20: टी20 क्रिकेट** के इतिहास में पहली बार इटली की **राष्ट्रीय क्रिकेट टीम** ने **आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2026** के लिए **क्वालीफाई** कर इतिहास रच दिया है. **यूरोप रीजनल फाइनल क्वालिफायर** में दमदार प्रदर्शन करते हुए **इटली ने स्कॉटलैड** और जर्सी जैसी अनुभवी टीमों को पछाड़ते हुए पहली बार इस मेगा इवेंट में जगह बनाई है.

हालांकि अपने अंतिम मुकाबले में उसे **नेदरलैंड** से हार का सामना करना पड़ा, लेकिन बेहतर नेट रनरेट के आधार पर वह अंकतालिका में दूसरे स्थान पर रही और वर्ल्ड कप का टिकट कटा लिया.

### नेदरलैडं  से हार, फिर भी इतिहास रच दिया

**12 जुलाई** को हेग में खेले गए आखिरी मुकाबले में इटली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए **7 विकेट पर 134 रन** बनाए. जवाब में **नेदरलैड** ने सिर्फ 16.2 ओवर में एक विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया.

इस हार के बावजूद **इटली के 5 अंक थे और रनरेट +0.612** रहा, जबकि जर्सी भी 5 अंकों पर थी लेकिन उसका **रनरेट सिर्फ +0.306** था.

इस तरह इटली नेट रनरेट के **आधार पर वर्ल्ड कप 2026** के लिए क्वालीफाई करने वाली दूसरी यूरोपीय टीम बन गई, **नेदरलैडं** पहले ही क्वालीफाई कर चुका था.

### इटली का क्वालिफायर मे प्रदर्शन

**इटली ने क्वालिफायर** में कुल 4 मुकाबले खेले, जिनमें से उसने **2 मैच** जीते, **1 बारिश** की भेंट चढ़ा और 1 में हार मिली:

१. **5 जुलाई :** गर्नजी को 7 विकेट से हराया
२. **6 जुलाई :** जर्सी के खिलाफ मैच बारिश के कारण रद्द
३. **9 जुलाई :** स्कॉटलैंड को 12 रन से हराया – सबसे बड़ी जीत
४. **12 जुलाई :** नेदरलैंड से 9 विकेट से हार

इटली की जीत खासतौर पर इसलिए अहम मानी जा रही है क्योंकि उसने स्कॉटलैंड जैसी टी20 की दिग्गज टीम को हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया.

### स्कॉटलैडं और जर्सी के लिए निराशा

**टी20 वर्ल्ड कप** में अक्सर खेलती आई स्कॉटलैंड की टीम इस बार टूर्नामेंट में जगह नहीं बना सकी. जर्सी के खिलाफ आखिरी गेंद पर मिली हार के कारण स्कॉटलैंड की उम्मीदें टूट गईं.

वहीं जर्सी ने **स्कॉटलैडं** को हराकर जरूर जीत हासिल की, लेकिन रनरेट के कारण वो भी पीछे रह गई और क्वालीफाई करने से चूक गई.

### 2026 मे भंारत और श्रीलंका मे होंगा टूर्नामेटं

**आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप** 2026 की मेज़बानी **भारत** और **श्रीलंका** मिलकर करेंगे. पहली बार **वर्ल्ड कप** जैसे बड़े टूर्नामेंट में खेलने जा रही इटली की टीम अब दुनिया की टॉप टीमें जैसे **भारत, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैडं** के खिलाफ मैदान में उतरती नजर आएगी.

यह क्रिकेट फैंस के लिए रोमांचक मौका होगा जब एक नई और अनदेखी टीम वैश्विक मंच पर चुनौती देती नजर आएगी.

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.